समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# अमरनाथ यात्रा शुरू, एलजी मनोज सिन्हा ने जम्मू से पहले जत्थे को किया रवाना

Publisher
Published on 02 Jul 2025



## श्रद्धालुओं का जोश, 'आतंक पर आस्था भारी'— सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच बाबा बर्फानी के दर्शन को निकला पहला जत्था।

**भक्ति का पर्व शुरू: जम्मू से रवाना हुआ अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था**
**अमरनाथ यात्रा 2025** की **औपचारिक शुरुआत** हो चुकी है। बुधवार (3 जुलाई) को **जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा** ने भगवती नगर बेस कैंप से श्रद्धालुओं के **पहले जत्थे को रवाना** किया। इस जत्थे में कुल **146 वाहन शामिल** थे, जो **श्रीनगर के बालटाल और पहलगाम रूट** से होकर **पवित्र गुफा** तक जाएंगे।

**'आतंक पर भारी आस्था' – बोले शिवभक्त**
श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यात्रा में शामिल भक्तों ने कहा—
"हमारे लिए **आतंक से बढ़कर आस्था** है, और हम हर हाल में बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। हमें अपने **सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा** है।"

श्रद्धालुओं ने '**हर हर महादेव**' और '**बम बम भोले**' के गगनभेदी नारे लगाते हुए जत्थे को रवाना किया।

**यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**
१. **अमरनाथ यात्रा के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है**।
२. **सुरक्षा बलों की भारी तैनाती**
३. **ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के जरिए निगरानी**

४. **संवेदनशील इलाकों मे विशेष चेकिंग अभियान**

**बीजेपी अध्यक्ष सतपाल शर्मा का बयान**

जम्मू-कश्मीर बीजेपी अध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा, “कुछ समय पहले अलग माहौल था, लेकिन आज श्रद्धालुओं का उत्साह यह बता रहा है कि आस्था आतंक से बड़ी है।”

**अमरनाथ यात्रा 2025: एक नजर**

१. **शुरुआत : 3 जुलाई 2025**

२. **पहला जत्था : जम्मू से श्रीनगर के लिए रवाना**

३. **गंतव्य : पवित्र अमरनाथ गुफा, बालटाल और पहलगाम मार्ग से**

४. **मूल भाव : भक्ति, सुरक्षा और दृढ़ विश्वास**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.